महिला उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

उज्जैन। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय से संभावित महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) शुरू करने की घोषणा की। देश भर में ऐसे 100 उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उज्जैन के पहले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि मंगूभाई पटेल, मध्य प्रदेश के राज्यपाल और विशिष्ट अतिथि डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई, राज्य मंत्री, महिला मंत्रालय, बाल विकास, भारत सरकार ने रेखा शर्मा, अध्यक्ष, एनसीडब्ल्यू; डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई; और मीनाक्षी नेगी, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पी. नरहरि, आईएएस, सचिव, एमएसएमई और उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश सरकार शामिल थे। एनसीडब्ल्यू सदस्यों में ममता कुमारी, डेलिना खोंगडुप, खुशबू सुंदर सहित राजभवन और सरकार के गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के लांच के मौके पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा, सबका साथ सबका विकास के विजन के साथ देशआगे बढ़ रहा है।